## सम्पादकीय

# महाकुंभ का प्रबंधन, ट्रैफिक जाम की समस्या से उठे कई सवाल

प्रयागराज पहुंचने वाले सभी रास्तों पर कई-कई किमी जाम देखने को मिल रहा। चूंकि प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु चित्रकूट वाराणसी मीरजापुर अयोध्या भी पहुंच रहे हैं इसलिए इन शहरों में भी जाम लग रहा है। स्थिति यह है कि प्रयागराज से सैकड़ों किमी दूर मध्य प्रदेश के शहरों में भी वाहन रेंगते दिखे। इसके चलते तमाम लोगों को सड़कों पर अपना समय बिताना पड़ रहा है। प्रयागराज और साथ ही उसके आसपास के शहरों में ट्रैफिक जाम की समस्या केवल यही नहीं बता रही कि बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों से महाकुंभ पहुंच रहे हैं, बल्कि यह भी इंगित कर रही है कि शासन-प्रशासन यह अनुमान नहीं लगा सका कि अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला कायम रहेगा ।यह भी स्पष्ट है कि सार्वजनिक परिवहन के उतने साधन उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जितने आवश्यक थे। पहले माना जा रहा था कि महाकुंभ में मुख्य स्नान के अवसरों पर ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि लोगों ने यह समझा कि महाकुंभ के आखिरी चरण और मुख्य स्नान से इतर दिनों में भीड़ कम होगी, इसलिए तब जाना अधिक उपयुक्त रहेगा। इसी का परिणाम यह हुआ कि प्रयागराज पहुंचने वाले सभी रास्तों पर कई-कई किमी जाम देखने को मिल रहा। चूंकि प्रयागराज आने वाले श्रद्धालु चित्रकूट, वाराणसी, मीरजापुर, अयोध्या भी पहुंच रहे हैं, इसलिए इन शहरों में भी जाम लग रहा है। स्थिति यह है कि प्रयागराज से सैकड़ों किमी दूर मध्य प्रदेश के शहरों में भी वाहन रेंगते दिखे। इसके चलते तमाम लोगों को सड़कों पर अपना समय बिताना पड़ रहा है। अनुमान है कि प्रयागराज में हर घंटे पांच-छह हजार वाहन पहुंच रहे हैं। इतने अधिक वाहनों की पार्किंग संभव नहीं। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि अनेक श्रद्धालु कई दिन महाकुंभ में बिताना पसंद कर रहे हैं। अच्छा होता कि वाहनों को पार्किंग की अनुमति एक तय समय के लिए ही दी जाती। इसी के साथ हर दिन यह सूचना भी सार्वजनिक की जाती कि प्रयागराज पहुंचने के लिए कौन से दिन और रास्ते सुविधाजनक होंगे। केवल निजी वाहनों से प्रयागराज पहुंचने वालों को ही समस्याओं से दो-चार नहीं होना पड़ रहा है, विमानों, ट्रेनों और बसों से जाने वालों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए सरकार को पहले से तैयार रहना चाहिए था और हालात के हिसाब से तत्काल रणनीति बदलनी चाहिए थी। लगता है भारी भीड़ का अनुमान लगाए और उसके प्रबंधन की समुचित व्यवस्था किए बिना ही यह कह दिया गया कि महाकुंभ में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सौ करोड़ लोग भी आ जाएं तो समस्या नहीं होगी। जो भी हो, कम से कम अब मेला स्थल, प्रयागराज शहर और आसपास के क्षेत्रों में ऐसे जतन युद्धस्तर पर किए जाएं।

## आज का विचार

दुनिया में किसी को एक प्रयास में सफलता नही मिली है हर किसी ने कई बार मेहनत करी है।

भारत संवाद




**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :**वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :**आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :**आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :**आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :**आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :**आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :**आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :**आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# संकट में आप का अस्तित्व, पार्टी के सामने चुनौतियों का अंबार

> लोकसभा चुनाव में लगा था कि पीएम मोदी की लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता में कमी आई है लेकिन हरियाणा ने सबसे पहले इस रुझान को झुठलाया तो महाराष्ट्र चुनाव ने नए सिरे से मुहर लगाई कि मोदी का कोई विकल्प नहीं। दिल्ली का पूरा चुनाव उनकी गारंटी पर लड़ा गया तो यह चमत्कारिक सफलता भी मोदी के खाते में जाएगी। इस जीत से राजग में भाजपा की हैसियत और मजबूत होगी।

दिल्ली की सत्ता से भाजपा का करीब 27 साल का वनवास समाप्त हुआ और पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाने जा रही है। एक छोटे से राज्य में भाजपा की जीत इतनी बड़ी मानी जा रही है तो उसके कई कारण हैं। महीने भर पहले तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप को हराना असंभव सा लग रहा था, क्योंकि लगातार दो विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल करती आ रही थी। पिछले विधानसभा चुनाव में ही आप को करीब 55 प्रतिशत वोट और 62 प्रतिशत सीटें हासिल हुई थीं। ऐसे में यही माना जा रहा था कि उसके खिलाफ अगर कुछ असंतोष है तब भी पार्टी बहुमत के आंकड़े तक तो पहुंच ही जाएगी, लेकिन पिछले तीन हफ्तों में भाजपा ने चुनावी हवा का रुख पलटकर आप का तख्तापलट कर दिया। आप भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान से ही अस्तित्व में आई तो भाजपा ने इसी पहलू को आप की दुखती रग बना दिया। भाजपा ने शीशमहल से लेकर आप के शीर्ष नेताओं के भ्रष्टाचार और जेल जाने के मुद्दे को मुखरता से भुनाया। इसके अलावा सड़कों की हालत, परिवहन व्यवस्था, जल आपूर्ति और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दों को भी उठाया। भाजपा ने जहां जनता को आश्वस्त किया कि मुफ्त बिजली-पानी और परिवहन से जुड़ी आप सरकार की योजनाएं न केवल जारी रखी जाएंगी, बल्कि उन्हें और प्रभावी बनाया जाएगा। बजट में मध्य वर्ग को मिली बड़ी कर राहत ने भी भाजपा का काम




आसान बनाया। रही-सही कसर आप के उस शिकायती लहजे ने पूरी कर दी कि केंद्र सरकार के चलते उन्हें शासन चलाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे जनता के मन में यही आशंका बनी कि आप को सत्ता की चाबी सौंपने का अर्थ होगा कि दिल्ली में शासन-प्रशासन का दरवाजा सुगमतापूर्वक नहीं खुल पाएगा। चुनाव से पहले पोल पोजीशन में रही आप के लिए दिल्ली में हार उसकी जड़ें हिलाने वाली है। भले ही पार्टी ने 40 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए हों, लेकिन अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती जैसे दिग्गज नेताओं की हार गहरी टीस देने वाली है। यह दशार्ता है कि पार्टी के खिलाफ कितना व्यापक जनाक्रोश था। दिग्गजों की हार से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। दिल्ली के अलावा पंजाब की सत्ता संभालने वाली आप को वहां भी नई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा नेताओं के पलायन को रोकने की भी चुनौती होगी। चूंकि आप के पास कोई मूल विचारधारा नहीं है, इसलिए उसके सामने अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए कोई बड़ा आधार नहीं। पार्टी दिल्ली माडल के माध्यम से ही गुजरात और गोवा जैसे अन्य राज्यों में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश में थी। इन कोशिशों को अब तगड़ा झटका लगेगा। दो साल बाद पंजाब में चुनाव भी होने हैं और वहां सरकार के पास कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे वहां तगड़ा झटका भी लग चुका है। दिल्ली चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए में भी बड़ी खींचतान दिखी। लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने वाली आप और कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा। कहा जा रहा है कि आप करीब एक दर्जन सीटें कांग्रेस के कारण हार गई। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी हो सकता है कि यदि आप और कांग्रेस साथ मिलकर लड़तीं तो राज्य सरकार के विरुद्ध जाने वाला पूरा मत भाजपा के खाते में जाता। इस किंतु-परंतु से इतर देखा जाए तो चुनाव से पहले ही आप ने कांग्रेस को धमकाया था कि वह उसे विपक्षी गठबंधन से बाहर करा देगी। सपा और तृणमूल से लेकर बची-खुची शिवसेना और राकांपा ने भी दिल्ली में अपना कोई जनाधार न होने के बावजूद चुनाव में आप का समर्थन किया। अखिलेश यादव ने तो अरविंद केजरीवाल के साथ प्रचार भी किया। इससे आप का कोई भला तो नहीं हुआ, उलटे आइएनडीआइए के बीच की दरारें उभरकर सामने आईं। कांग्रेस के लिए भी यह चुनाव भारी झटका साबित हुआ। लगातार तीन बार राज्य की सत्ता संभालने वाली पार्टी का पिछले तीन विधानसभा चुनावों से खाता नहीं खुल सका है। पार्टी भले ही आप की हार से अपने लिए नई संभावनाओं के द्वार खुलने की उम्मीद लगाए, लेकिन चुनाव नतीजे उसे नाउम्मीद करने वाले रहे। वोट प्रतिशत में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद 70 में से उसके केवल तीन उम्मीदवार अपनी जमानत बचा पाए।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जिस कायाकल्प की आस बंधी थी, वह एक के बाद एक चुनाव से टूटती जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा और महाराष्ट्र में जबरदस्त हार के बाद दिल्ली में उसका सूपड़ा साफ होने के बाद पार्टी उसी मोड़ पर आ गई है, जहां वह 2024 के आम चुनाव से पहले थी। स्वाभाविक है कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस की स्थिति कमजोर होगी और सहयोगियों के साथ उसे कड़ी सौदेबाजी का सामना करना होगा। इसके उलट भाजपा लगातार अपनी बढ़त बनाए हुए है। लोकसभा चुनाव में लगा था कि पीएम मोदी की लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता में कमी आई है, लेकिन हरियाणा ने सबसे पहले इस रुझान को झुठलाया तो महाराष्ट्र चुनाव ने नए सिरे से मुहर लगाई कि मोदी का कोई विकल्प नहीं। दिल्ली का पूरा चुनाव उनकी गारंटी पर लड़ा गया तो यह चमत्कारिक सफलता भी मोदी के खाते में जाएगी। इस जीत से राजग में भाजपा की हैसियत और मजबूत होगी। दिल्ली के नतीजों ने यह भी साबित किया कि केवल रेवड़ियों के भरोसे चुनाव नहीं जीता जा सकता। तेलंगाना में बीआरएस और आंध्र में वाइएसआर कांग्रेस की हार के बाद अब दिल्ली में आप की हार ने यही दर्शाया कि जनता को साधने के लिए रेवड़ियों के अतिरिक्त और भी जतन करने होंगे। विपक्षी मोर्चे के लिए संदेश यह भी है कि केवल मोदी और भाजपा विरोध से न तो चुनावी जीत मिल सकती है और न ही जनता का भरोसा जीता जा सकता है।

# राष्ट्रीय मानसिक नैतिक,चारित्रिक शक्ति राष्ट्र की संपत्ति

**संजीव ठाकुर**



मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दशार्ते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में ह्रदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज ढहैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने क्विट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2/तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

# महाकुंभ की माया में मानव

**विजय गर्ग**




'म' वर्ण से बनने वाले शब्दों अथवा घटनाओं के कारण 'म' से महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है। माया, महामाया, मनोहर एवं मनोरंजक मिश्रित दृश्य वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की विभिन्न कोटियां मनोवांछित मतलब के उद्देश्य से मेले में चलते, गिरते-पड़ते और भटकते हुए दिखाई दे रही हैं। 'म' महापुरुष, महिला, मठाधीश से मुख्यमंत्री तक, हर कोई संगम में तन को मन से गीला करने में लगा हुआ है। कोई 'म' से मल या मैल धोने, कोई 'म' से मोक्ष प्राप्त करने या 'म' से मनोरथ सिद्ध करने के लिए डुबकी लगा रहा है। किसी युग में समुद्र मंथन से अप्सरा रंभा निकली थी, उसी तरह महाकुंभ मंथन 2025 में 'म' से मनका ( माला) बेचने वाली मलिका (सुंदर स्त्री) का अवतरण हुआ है। 'म' से मोनालिसा का जादू महाकुंभ में ऐसा छाया कि कई लोगों ने उसके साथ सेल्फी लेकर अमृत स्नान वाला पुण्य प्राप्त कर लिया। इस महाकुंभ में 'म' से मत्सरी महात्मा अर्थात गुस्सैल साधु महाराज का भौकाल भी देखते बन रहा है। साइलेंट प्रवृत्ति वाले महात्मा का वायलेंट मोड वाला वीडियो कब वायरल हो जाए, यह महादेव को भी नहीं मालूम। बाबाजी एटीट्यूड से ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित महात्मा जी आम जन की तरह महंगाई, परिवार, रोजगार अथवा राष्ट्रीय मुद्दे की चिंता से तनावग्रस्त हैं। रौद्र रूप धारण करते हुए मनोविकार को कभी किसी यूट्यूबर पर, तो कभी किसी अन्य पर थप्पड़, लाठी, चिमटा और त्रिशूल तान कर निकाल रहे हैं। 'म' से ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनने से कई लोगों का हाजमा खराब हो गया है। ऐसा लग रहा है कि सुंदरी से साध्वी बनने वाले कृत्य पर भले ही उनको राणाजी माफ कर दें, लेकिन उनके फैंस और विरोधी कभी माफ नहीं करेंगे। 'म' से मौनी अमावस्या वाले दिन मचे भगदड़ के कारण मोक्ष के बजाय मृत्यु प्राप्त होने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं ने

मीडिया एवं राजनीतिक दलों को सर्दियों में गरमागरम 'म' से मुद्दा उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाई। 'म' से मुसाफिर को महाकुंभ तक पहुंचने अथवा घर वापसी के लिए यात्रा के दौरान जो 'म' से मशक्कत करनी पड़ रही है, वह देखते ही बनती है। ट्रेन के अंदर घुसने के लिए एक-दूसरे पर बोतल का पानी फेंकना, धक्का-मुक्की करना, ट्रेन की बंद दरवाजे-खिड़कियों को पीटना, ट्रेन की बंद गेटों पर लटक कर रेलवे यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही है, वह इस बात का प्रमाण है। कि जनसंख्या के मामले में हम विश्व गुरु हैं और भीड़ जुटाने के मामले में हमारा कोई वैश्विक जोड़ीदार नहीं है। ओवरलोड ट्रेन या बसों में सीट प्राप्त कर लेना श्रद्धालुओं के लिए अमृत स्नान से कम नहीं माना जा रहा है। 'म' से मजे की बात यह है कि यहां मक्कार प्रवृत्ति वाले मानव दूसरों का माल, मन, मोबाइल चुराकर मालामाल बनने की जुगत हुआ है, तो वहीं दूसरी ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों में सवार कुछ यात्री अमृत स्नान करके लौटते समय, तो कुछ अमृत स्नान को जाते समय दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यमराज का मार्च क्लोजिंग वाला डाटा फरवरी में ही पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं। बहरहाल 'म' से मनोहारी और मदहोश करने वाले दृश्यों के बीच इंटरनेट मीडिया पर तौलिया में स्नान की जाती हुई युवती अथवा बाबाजी के साथ सेल्फी लेती हुई देसी-विदेशी महिलाओं की कुछ अनसेंसर्ड तस्वीरें या वीडियो भी सामने आ रही हैं, जिनके व्यूज को देखकर इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मेटा के उपभोक्ता भी महाकुंभ के विभिन्न स्नानों में मानसिक गोता लगा रहे हैं।

# मुंबई के जोगेश्वरी-ओशिवारा फर्निचर मार्केट में लगी भीषण आग, 150 से ज्यादा दुकानें जली, कई किमी तक फैला धुआं

● मुंबई के जोगेश्वरी-ओशिवारा फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई, जो तेजी से फैल गई है। घटना के चलते आसमान में धुएं का गुबार उठता देखा गया। अब तक 12 दमकल गाड़ियां और छह टैंकर मौके पर पहुंचे हैं। आग 150 से ज्यादा दुकानों में फैल चुकी है और सात से आठ सिलेंडर फटने की सूचना है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। यहां के जोगेश्वरी-ओशिवारा फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई। आग सुबह फर्नीचर मार्केट में एक लकड़ी के गोदाम में लगी और कुछ ही देर में इसने भीषण रूप ले लिया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जोगेश्वरी पश्चिम में रिलीफ रोड पर घास परिसर में सुबह करीब 11:30 बजे आग लग गई।

### ओशिवारा फर्नीचर मार्केट में लगी आग, आसमान में धुएं का गुबार उठा

अंधेरी पश्चिम में स्थित ओशिवारा में एक बड़ा फर्नीचर बाजार है। यहां बड़े फर्नीचर स्टोर और लकड़ी का गोदाम भी है। यह आग फर्नीचर बाजार में लगी है। इस बात की आशंका है कि आग तेजी से और बड़े पैमाने पर फैलेगी, क्योंकि यह एक गोदाम और फर्नीचर की दुकान है। फिलहाल आग भड़की हुई है और बड़ी आग भड़कने की आशंका है। इसलिए, धुएं का गुबार आसमान में दूर तक फैलता देखा जा सकता है। इससे इलाके में भय का माहौल पैदा हो गया है।

# परीक्षा केंद्रों की रद्द होगी मान्यता, नहीं बच पाएंगे शिक्षक, महाराष्ट्र में सामूहिक नकल पर सीएम फडणवीस

☞ महाराष्ट्र में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में नकल को रोकने के लिए महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। फडणवीस ने साफ किया है कि सामूहिक नकल होने की स्थिति में परीक्षा केंद्रों की मान्यता रद्द हो जाएगा। उन्होंने कहा शिक्षक भी नहीं बच पाएंगे।



● सामूहिक नकल वाले परीक्षा केंद्रों की मान्यता होगी रद्द
● परीक्षा में नकल कराने वाले शिक्षक बर्खास्त होंगे
● महाराष्ट्र सीएम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आदेश
● सीएम फडणवीस ने दिए कड़े निर्देश।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में जिस किसी भी परीक्षा केंद्र पर सामूहिक नकल (मास-कॉपिंग) का मामला सामने आया उस केंद्र की मान्यता स्थायी रूप से रद्द कर दी जाएगी। इसके अलावा जो शिक्षक और कर्मचारी नकल करने में मदद करते हुए पाया गया उसे तत्काल बर्खास्त कर दिया जाए। ऐसा आदेश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी है। फडणवीस ने परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि वे किसी भी प्रकार की नकल सामग्री (पुस्तकें, नोट्स, मोबाइल आदि) साथ न रखें। फ्लाइंग स्क्वॉड के माध्यम से नकल मुक्त परीक्षा की प्रभावी निगरानी करने का निर्देश दी है।

### संवेदनशील परीक्षा केंद्र पर चर्चा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और अन्य मंत्री उपस्थित थे। बैठक में सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधिकारियों से परीक्षा की तैयारी और सुरक्षा उपायों पर चर्चा हुई। शिक्षा विभाग ने परीक्षा की संपूर्ण तैयारियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि जो परीक्षा केंद्र संवेदनशील है वहां पर वरिष्ठ और सक्षम अधिकारियों की नियुक्ति करने के लिए कहा गया है। नकल मुक्त परीक्षा की जिम्मेदारी संचालन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की होगी। शहरी क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी पुलिस आयुक्त और महानगरपालिका आयुक्त की होगी।

### बड़े अधिकारी करेंगे दौरा

सीएम ने निर्देश दिया है कि अंग्रेजी, गणित और विज्ञान जैसे संवेदनशील विषयों की परीक्षा के दिन जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्वयं परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगे।

# रेलवे महाकुंभ मेला-2025 के लिए हुब्बलि से वाराणसी (6 सेवा) और बीदर/ चर्लपल्ली/ मचिलीपट्टणम से दानापुर (10 सेवा) के बीच विशेष ट्रेन सेवा चलाएगा

(मध्य रेल स्टेशनों से गुजरते हुए जहां यात्रियों को लाभ होगा)



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रेलवे प्रयागराज में आयोजित होने वाले कुंभ मेला 2025 के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए हुब्बलि-वाराणसी और बीदर/चर्लपल्ली/मचिलीपट्टणम-दानापुर के बीच विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा।

### ये ट्रेन सेवाएं मध्य रेल से होकर गुजरेंगी

विवरण इस प्रकार है:-

हुब्बलि से वाराणसी - 6 सेवा

ट्रेन संख्या 07383 कुंभ मेला विशेष दिनांक 14.02.2025, 21.02.2025 और 28.02.2025 को हुब्बलि से 08.00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 05.30 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 07384 कुंभ मेला विशेष दिनांक 17.02.2025, 24.02.2025 और 03.03.2025 को वाराणसी से 05.00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 00.45 बजे हुब्बलि पहुंचेगी।

संरचनाः एक वातानुकूलित 2-टियर, चार वातानुकूलित 3-टियर, 11 शयनयान श्रेणी, 1 सेकंड सीटिंग सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर कार।

मध्य रेल स्टेशनों पर ट्रेन संख्या 07383/07384 के ठहरावः मिरज, सांगली, किर्लोस्करवाड़ी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड और भुसावल।

बीदर से दानापुर - 2 सेवाएं

ट्रेन संख्या 07111 कुंभ मेला विशेष दिनांक 14.02.2025 को बीदर से 11.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23.25 बजे दानापुर पहुँचेगी।

ट्रेन संख्या 07112 कुंभ मेला विशेष दिनांक 16.02.2025 को दानापुर से 15.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23.45 बजे चर्लपल्ली पहुँचेगी (जहाँ समाप्त होगी)।

संरचनाः दो वातानुकूलित 2-टियर, एक वातानुकूलित 3-टियर, 11 वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 3 शयनयान श्रेणी और 2 जेनरेटर कार।

चर्लपल्ली से दानापुर - 4 सेवा

ट्रेन संख्या 07077 कुंभ मेला विशेष दिनांक 18.02.2025 और 22.02.2025 को 15.00 बजे चर्लपल्ली से रवाना होगी और अगले दिन 23.55 बजे दानापुर पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 07078 कुंभ मेला विशेष दिनांक 20.02.2025 और 24.02.2025 को 15.15 बजे दानापुर से रवाना होगी और अगले दिन 23.45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी।

संरचनाः दो वातानुकूलित 2-टियर, एक वातानुकूलित 3-टियर, 11 वातानुकूलित 3-टियर इकॉनमी, 3 शयनयान श्रेणी और 2 जेनरेटर कार।

मचिलीपट्टणम से दानापुर 4 सेवा

ट्रेन संख्या 07113 कुंभ मेला विशेष दिनांक 08.02.2025 और 16.02.2025 को मचिलीपट्टणम से 11.00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 23.55 बजे दानापुर पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 07114 कुंभ मेला विशेष दिनांक 10.02.2025 और 18.02.2025 को दानापुर से 15.15 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 03.00 बजे मचिलीपट्टणम पहुंचेगी।

संरचनाः 20 वातानुकूलित 3-टियर और 2 जेनरेटर कार।

मध्य रेल पर ट्रेन संख्या 07111/07112, 07077/07078 और 07113/07114 के ठहराव

स्टेशनः बल्लारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम और नागपुर

मध्य रेल महाकुंभ मेला-2025 के लिए विशेष ट्रेनों की अन्य 42 सेवाएं भी चला रहा है, जिनमें से 18 मुंबई से बनारस/मऊ के बीच, 12 नागपुर से दानापुर के बीच और 12 पुणे और मऊ के बीच हैं।

इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर देखें या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# हर जिले में उमेद मॉल की स्थापना, 25 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्यः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , महालक्ष्मी सरस एक अत्यंत लोकप्रिय पहल बन गई है। राज्य भर के स्वयं सहायता समूहों (SHGs) को स्थायी बाजार उपलब्ध कराने के लिए, पहले चरण में 10 जिलों में 10 मॉल स्थापित किए जाएंगे। धीरे-धीरे, पूरे राज्य में उमेद मॉल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही, सरकार का लक्ष्य आगामी वर्षों में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। वर्तमान में, महाराष्ट्र में 18 लाख लखपति दीदी हैं, और मार्च तक यह संख्या 25 लाख तक पहुंचाई जाएगी, ऐसी घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की।

वे बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई में ग्राम विकास एवं पंचायत राज विभाग के अंतर्गत उमेद - महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (MSRLM) द्वारा 11 से 23 फरवरी तक आयोजित₹महालक्ष्मी सरस विक्रय एवं प्रदर्शनी 2025 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम में ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे, राज्य मंत्री योगेश कदम, प्रधान सचिव एकनाथ डवले, उमेद के उएड निलेश सागर, COO परमेश्वर राऊत सहित राज्यभर से हजारों महिला बचत गटों की सदस्याएं उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महालक्ष्मी सरस पिछले 21 वर्षों से लगातार जारी एक सफल पहल है। उमेद अभियान ने महिला स्वयं सहायता समूहों को एक मजबूत विपणन मंच प्रदान किया है। इन समूहों द्वारा उत्पादित सामान बेहद उच्च गुणवत्ता के होते हैं, लेकिन उनकी बिक्री के लिए सुनियोजित विपणन रणनीतियों की आवश्यकता होती है। इसलिए, हर जिले में जिला परिषद परिसर में उमेद मॉल स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए आगामी राज्य बजट में प्रावधान किया जाएगा। पहले चरण में 10 जिलों में ये मॉल बनाए जाएंगे, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि SHG उत्पाद निजी कंपनियों के उत्पादों से अधिक गुणवत्ता वाले होते हैं और सस्ते दरों पर उपलब्ध होते हैं। उमेद के तहत 60 लाख से अधिक परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई लखपति दीदी योजना के तहत, जिन महिलाओं की वार्षिक आय 1 लाख से अधिक होती है, उन्हें लखपति दीदी कहा जाता है। वर्तमान में महाराष्ट्र में 11 लाख से अधिक लखपति दीदी हैं। जल्द ही यह संख्या 25 लाख तक पहुंचाई जाएगी, और लक्ष्य 1 करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। ग्राम विकास मंत्री जयकुमार गोरे ने कहा कि सरकार महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिला स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार उपलब्ध कराने के लिए हर जिले में मॉल स्थापित किए जाएंगे और तालुका स्तर पर भी बिक्री केंद्र खोले जाएंगे। इसके अलावा, SHG महिलाओं के लिए व्यक्तिगत ऋण देने की योजना पर भी विचार किया जाएगा। ग्राम विकास राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि महिला सरस को पूरे राज्य से उत्साहजनक प्रतिसाद मिला है। इस प्रदर्शनी में 479 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें से 25% अन्य राज्यों से हैं। मुंबईकरों को इस प्रदर्शनी का दौरा कर ग्रामीण कारीगरी, कला, और उत्पादों का अनुभव लेना चाहिए, उन्होंने आग्रह किया।

### प्रदर्शनी की अवधिः 11 फरवरी - 23 फरवरी

इस प्रदर्शनी में हस्तशिल्प, हथकरघा वस्त्र, लकड़ी की कला, बंजारा और वारली कला, आभूषण, लकड़ी के खिलौने और विभिन्न राज्यों के दुर्लभ उत्पाद उपलब्ध होंगे। कुल 500+ स्टॉल, जिनमें 90 फूड स्टॉल शामिल हैं, लगाए गए हैं।

# मनपा आयुक्त के अनुरोध पर श्रमिक संघ ने किया आंदोलन स्थगित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा प्रशासन ने समाज समता कामगार संघ (नवी मुंबई) की घोषणा के अनुसार नवी मुंबई मनपा की विभिन्न सेवाओं में बाहरी स्त्रोतों के माध्यम से काम करने वाले कर्मचारियों की मांगों के संबंध में सकारात्मक कदम उठाए हैं, इसलिए उनसे विरोध प्रदर्शन न करने का अनुरोध किया गया था। बाहरी स्त्रोतों के माध्यम से काम कर रहे समाज समता कामगार संघ से जुड़े कर्मचारियों ने आज सुबह से दैनिक सफाई कार्य शुरू किए बिना विभिन्न स्थानों पर काम में बाधा डालने की कोशिश की। इसके चलते मनपा प्रशासन ने बाहरी स्त्रोतों से सेवाएं देने वाले आपूर्तिकताओं को वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए थे, ताकि स्वच्छता और जल आपूर्ति जैसी आवश्यक दैनिक सुविधाएं बाधित न हों और नागरिकों को असुविधा न हो। जिसके अनुसार जब उन्होंने वैकल्पिक जनशक्ति प्रदान करने का प्रयास किया, तो इस संगठन से जुड़े आउटसोर्स कर्मचारियों ने उन वैकल्पिक व्यक्तियों को काम करने से रोकने और कचरा संग्रहण और परिवहन वाहनों को विभिन्न तरीकों से रोककर काम में बाधा डाली। समाज समता कामगार संघ की विभिन्न मांगों को लेकर मनपा प्रशासन ने सकारात्मक कदम उठाया है और समय-समय पर उन्हें जानकारी भी दी है। बहरहाल, कर्मियों के हित को देखते हुए मनपा आयुक्त डॉ कैलास शिंदे ने आज पुनः उक्त संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा की और उन्हें बताया कि मनपा श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रयासरत है और अब तक की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। इसके लिए नवी मुंबई मनपा 7 जनवरी 2025 को महाराष्ट्र सरकार के सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक विशेष समिति नियुक्त की गई। बताया गया कि उक्त समिति की पहली बैठक 12 फरवरी 2025 को आयोजित की गई है और समिति से 2 माह की अवधि के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है। उस बैठक में समाज समता कामगार संघ एवं अन्य सभी ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होकर अपने विचार रखने हेतु सूचित किया गया है। इसलिए जब मनपा प्रशासन कर्मचारियों के हित में सकारात्मक कार्रवाई कर रहा है तो शहर में आवश्यक सेवाओं को बाधित कर विरोध प्रदर्शन करना अनुचित है। संगठन के पदाधिकारियों से एक बार फिर अपील है कि मनपा द्वारा नियुक्त कमेटी की रिपोर्ट आने तक किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन न करें। इसी के तहत संगठन के पदाधिकारियों ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की है।

# सोलापुर मंडल के एकजुट टीमवर्क ने मरतुर स्टेशन पर चलती ट्रेन से गिरे यात्री के सामान की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने एक बार फिर अपने ट्रैक रखरखाव कर्मचारियों की अनुकरणीय टीमवर्क और तत्परता के माध्यम से यात्री सेवा और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। मरतुर स्टेशन पर त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित प्रयासों की एक सराहनीय घटना सामने आई, जिसने अपने नियमित कर्तव्यों से परे अतिरिक्त जिम्मेदारियों को संभालने में रेल कर्मचारियों के समर्पण और संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया। 10 फरवरी 2025 को सुबह 4:15 बजे, उप स्टेशन अधीक्षक, कलबुरगि ने एक संकट संदेश दिया कि मरतुर स्टेशन के सोलापुर-छोर प्लेटफॉर्म के पास ट्रेन नंबर 17307 बसवा एक्सप्रेस से एक यात्री का बैग पटरियों पर गिर गया है। तुरंत कार्रवाई करते हुए, उप स्टेशन अधीक्षक, मरतुर ने बैग का पता लगाने और उसे वापस लाने के लिए सभी उपलब्ध रात्रि गश्ती दल, मेट्स और कीमैन को जुटाया। व्यापक खोज प्रयासों का परिणाम तब सामने आया जब एक सतर्क चाबीवाले ने सुबह बैग ढूंढ़ा और उसे तुरंत सुबह 9:30 बजे उप स्टेशन अधीक्षक, मरतुर को सौंप दिया। यात्री, जो दोपहर बाद सड़क मार्ग से मरतुर वापस आया, स्टेशन पर अपना बैग सही सलामत पाकर राहत महसूस की। उसके सभी मूल दस्तावेज और निजी सामान सुरक्षित रूप से उसे वापस कर दिए गए, जिससे रेल कर्मियों की दक्षता और ईमानदारी की पुष्टि हुई। यात्री ने रेल कर्मचारियों के प्रति बहुत आभार और प्रशंसा व्यक्त की, उनकी ईमानदारी और समर्पण की सराहना की। सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) डॉ. सुजीत मिश्रा ने एकजुट टीम वर्किंग के लिए रेल कर्मचारियों की सराहना की और संवेदनशीलता के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने के लिए ट्रैक पर कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की। यह घटना सोलापुर मंडल की एकजुट टीम वर्क की भावना को उजागर करती है, जहां स्टेशन स्टाफ से लेकर ट्रैक मेंटेनेंस टीम तक हर रेल कर्मी सहानुभूति और जिम्मेदारी के साथ यात्रियों की सहायता करने के लिए अपने कर्तव्य से परे भी जाने के लिए तैयार रहता है। हमारे रेल कर्मचारियों की अटूट प्रतिबद्धता भारतीय रेल में यात्रियों के भरोसे और विश्वास को बढ़ाती रहेगी।

# खेल और युवा सेवा निदेशालय की ओर से, महाराष्ट्र राज्य, भिवंडी निजाम्पुर सिटी नगर निगम, भिवंडी और जिला स्तर की स्कूल खेल प्रतियोगिता का किया गया व्यापक आयोजित





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

खेल और युवा सेवा निदेशालय की ओर से, महाराष्ट्र राज्य, भिवंडी निजाम्पुर सिटी नगर निगम, भिवंडी और जिला स्तर की स्कूल खेल प्रतियोगिता व्यापक रूप से आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में, 90 अलग -अलग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है और खिलाड़ियों और संगठनों को सम्मानित किया गया। अजय वैद्या तो। पुरस्कार वितरण समारोह 7 फरवरी को प्रशासक और आयुक्त की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिला स्तर के स्कूल के खेल के कुल 6 स्कूलों और जूनियर कॉलेज के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया है और अपने खेल दिखाए हैं। गुणों की संख्या के अनुसार शाराइस हाय और यहूदी। यदि कॉलेज को 90 अंक मिले, तो पहला स्थान हासिल किया गया और श्री। हल्दी विश्व ओसवाल विद्यायाला और यहूदी। कॉलेज ने 3 अंक अर्जित करके केएमईएस हाई और यहूदियों की तीसरी संख्या जीती। इसके अलावा, शेष छह कुशल खिलाड़ियों को ट्राफियां, पदक और प्रमाण पत्र दिए गए थे। डिप्टी कमिश्नर रोहिदास डोरुलकर, डिप्टी कमिश्नर (टैक्स) बालकृष्ण क्षीरसागर, डिप्टी कमिश्नर स्पोर्ट्स डॉ। अनुराधा बाबर, सूचना और जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदशी, खेल अधिकारी शरद कलावंत, अन्य गणमान्य व्यक्ति और खेल शिक्षक मौजूद हैं।

# मैं मंत्री बाद में पहले शिवसैनिक हूं... मनमानी पर प्रताप सरनाईक का मुंबई दहिसर टोल ठेकेदार को अल्टीमेटम

मुंबईः महाराष्ट्र की महायुति सरकार में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने निर्देश का पालन नहीं होने पर सख्त तेवर दिखाए हैं। मंत्री ने दहिसर टोल नाका के ठेकेदार से कहा है कि अगर जाम की समस्या के खात्मे के लिए हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही के लिए अलग लेन नहीं सुनिश्चित की गई तो वह टोट नाके को तोड़ डालेंगे। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक का कड़ा तेवर सुर्खियों में आया गया है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के नेता और विधायक प्रताप सरनाईक महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री होने के साथ धाराशिव यानी उस्मानाबाद जिले के संरक्षक मंत्री हैं। प्रताप सरनाईक ठाणे की ओवल माजिवडा से विधायक हैं।


## पश्चिम रेलवे

### 2 केवीए यूपीएस का प्रावधान

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र.** : **ईएल-81-900-डब्ल्यूए-71 दिनांक : 04.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल – 2 केवीए यूपीएस का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 34,12,500.00, **बोली सुरक्षा ईएमडी का मूल्य** : रु. 68,300. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 17.03.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 17.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1058

Like us on : facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### इनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग गियर्स के प्रतिस्थापन हेतु विद्युत कार्य

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र.** : **ईएल-81-34-8-डब्ल्यूए-70, दि. 04.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : उदवाडा- इनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग गियर्स के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत (एयर-कंडीशनिंग) कार्य (संयुक्त निविदा भाग को छोड़कर). **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 24,19,020.00/-. **बोली सुरक्षा ईएमडी का मूल्य** : रु. 48,400/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 17.03.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 17.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1056

Like us on: facebook.com/WesternRly

## पश्चिम रेलवे

### सबमर्सिबल पंप्स की मरम्मत

वरि. डीईई/पी/बीसीटी द्वारा **निविदा सूचना क्र.** : ईएल-मेंटें.-205-261-डब्ल्यूए-18, दि. 06.02.2025 आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल (उपनगर अनुभाग) – 2 वर्षों की अवधि हेतु सबमर्सिबल पंप्स की मरम्मत करना. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 1,29,69,850.00/-, **बोली सुरक्षा ईएमडी का मूल्य** : रु. 2,14,900/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 13.03.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 13.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 1057

Like us on: facebook.com/WesternRly

## मध्य रेल

नागपुर मंडल

### ई-टेंडर नोटिस

**ई-निविदा सूचना क्रमांक** : NGP/ELECT/TRD-2024-25-03R2, dated 04-02-2025, **कार्य का नाम** : मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में विद्युत आपूर्ति स्थापना (पी एसआई) का बाहरी स्त्रोत के माध्यम से दो वर्ष की अवधि के लिए रखरखाव का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य** : रु. 1,62,27,540/-, **बयाना राशि** : रु. 2,31,100/- निविदा बंद होने कि तारिख एवं समय 28-02-2025 को 15:00 बजे। विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in पर देखे।

वरिष्ठ मंडल बिजली ईजीनियर (टी.आर.डी.)

SUN 458

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे

## मध्य रेल

सोलापूर मंडल

### ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या सोला-एन-टी-2024-2025-49 दिनांक :- 07.02.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डीआरएम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यो के लिए सक्षम, प्रतिहित फर्मों / ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है : **कार्य का नाम उसके स्थान सहित** : मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल पर प्लेटफॉर्म/कॉनकोर्स/स्टेशन परिसर पर प्लेटफाम कि उँचाई, सीओपी एंव एफओबी कार्य के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार उपकरण की आपूर्ति, स्थापना और स्थानांतरण करना। **निविदा संख्या** : सोला-एन-टी-2024-2025-49, **कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 67,05,327.42/-, **टेंडर फॉर्म की कीमत** : शुन्य, **जमा की जाने वाली धरोहर राशि** : रू. 1,34,100.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 महीने। **आमंत्रित निविदा भरने की अंतिम तिथि www.ireps.gov.in पर** : 03.03.2025 को 15:30 Hrs। विवरण IREPS वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल/डाक/ई-मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे www.ireps.gov.in पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबंधक सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

SUN 55

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे


# मध्य रेल के सोलापुर मंडल के 3 कर्मचारियों को महाप्रबंधक का संरक्षा पुरस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने 11.02.2025 को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में आयोजित एक समारोह में सोलापुर मंडल के 3 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया।

यह पुरस्कार ड्यूटी के दौरान उनकी सतर्कता, अप्रिय घटनाओं को रोकने में उनके योगदान और पिछले महीनों के दौरान ट्रेन संचालन में संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिए गए। पुरस्कार में एक पदक, प्रशंसा प्रमाण पत्र, अनुकरणीय संरक्षा कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र और 2000/- की नकद राशि शामिल है।

1. श्री लेखाराम मीना, टीटीई, वाणिज्यिक, सोलापुर

13.01.2025 को सिद्धेश्वर एक्सप्रेस पर काम करते समय, ट्रेन के ठाणे स्टेशन से रवाना होने के बाद एस-4 कोच में असामान्य ध्वनि और कंपन देखा। उन्होंने कोच का सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया और पाया कि एस-4 और एस-3 कोचों के बीच कपलिंग में काफी दरार थी और गैप बढ़ गया था। उन्होंने तुरंत मुंबई में वाणिज्यिक नियंत्रक को इस मुद्दे की सूचना दी। नतीजतन, ट्रेन को कल्याण स्टेशन पर रोक दिया गया। परिचालन, कोचिंग और वैगन विभागों ने कोच का गहन निरीक्षण किया और पाया कि कोच संचालन के लिए अनुपयुक्त है। गैप का समय पर पता चलने और वाणिज्यिक नियंत्रण को तुरंत रिपोर्ट करने से सेक्शन में रात के समय एक बड़ी अप्रिय घटना को टालने में मदद मिली।

2. श्री पंकज कांबले, जूनियर इंजीनियर, सिग्नल और दूरसंचार, दुधानी

एवं 3. श्री विष्णु बाउरी, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर, सिग्नल और दूरसंचार, गौड़गांव

11.01.2025 को गौड़गांव डाउन होम सिग्नल एस-2 में खराबी थी सर्किट का पता लगाने पर पाया गया कि OC-00 VCOR रिले के जम्पर वायर फ्यूज नंबर R1, A2.11 और 34 संपर्क डिस्कनेक्ट हो गए थे। जम्पर वायर को बदला गया और खराबी को ठीक किया गया। ए का यह इनडोर वायर फॉल्ट गंभीर प्रकृति का था। ऐसी गंभीर खराबी को ठीक करने में देरी से असुरक्षित स्थिति पैदा हो सकती है।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी सतर्कता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सतर्कता और बहादुरी के ऐसे कार्य दूसरों को यात्रियों की सुरक्षा के लिए ईमानदारी से काम करने और माल और रेलवे संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए प्रेरित करेंगे।

सोलापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (DRM) डॉ. सुजीत मिश्रा ने पुरस्कार विजेता कर्मचारियों की सराहना की।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री चंद्र किशोर प्रसाद, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष और मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नवी मुंबई के वरिष्ठ नागरिकों के मुफ्त बस यात्रा के लिए ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड योजना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा परिवहन सेवा की 29 वीं वर्षगांठ पर मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने एनएमएमटी बसों में यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने नवी मुंबई शहर के वरिष्ठ नागरिकों को अच्छी खबर दी है। मुफ्त बस यात्रा के लिए स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को नजदीकी पास सेंटर या तुर्भे डिपो में जाकर कागजी कार्रवाई पूरी करनी होती थी। अब नवी मुंबई मनपा परिवहन विभाग ने उक्त सुविधा एनएमएमटी बस ट्रैकर ऐप पर उपलब्ध करा दी है, जो नवी मुंबई शहर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना का लाभ को और आसान बनाने के लिए चालू है। इसलिए अब वरिष्ठ नागरिकों को आवेदन पत्र भरने और यात्रा पास के लिए दस्तावेज जमा करने के लिए एनएमएमटी पास सेंटर जाने की जरूरत नहीं है। ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया आवश्यक है। इसमें एनएमएमटी बस ट्रैकर ऐप पर ऑनलाइन आवेदन भरें, जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड के लिए 50 रुपए का शुल्क भुगतान करने के बाद उक्त स्मार्ट कार्ड डाक द्वारा भेज दिया जाएगा। परिवहन प्रशासन के माध्यम से नवी मुंबई में अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त यात्रा के लिए ऑनलाइन स्मार्ट कार्ड योजना का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# वीडियो प्रणाली के माध्यम से उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता ठाणे जिला योजना विभाग की हुई बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,ठाणे जिला योजना विभाग की राज्य स्तरीय बैठक आज उप मुख्यमंत्री तथा वित्त एवं योजना मंत्री अजीत पवार की अध्यक्षता में टेलीविजन के माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री और वित्त एवं योजना मंत्री अजीत पवार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ठाणे जिले द्वारा प्रस्तुत जिला वार्षिक योजना योजना की समीक्षा की, जबकि उपमुख्यमंत्री और ठाणे जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे ने सुझाव दिया कि जिला प्रशासन को जिले में अधिकतम जन-उन्मुख, लोगों-लाभकारी और अभिनव गतिविधियों को लागू करना चाहिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, वित्त एवं योजना राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जयसवाल, विधायक किसन कथोरे, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, संभागीय आयुक्त राजेश देशमुख, कलेक्टर अशोक शिंगारे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, जिला योजना अधिकारी वैभव कुलकर्णी, ठाणे कलेक्टरेट से विधायक कुमार अयलानी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (प्रशासन) श्रीकांत पाठक, पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। अधीक्षक डॉ. डी. स्वामी, पुलिस उपायुक्त (अपराध) अविनाश अंबुरे, रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर डॉ. संदीप माने, सहायक जिला योजना अधिकारी भरत सालुंखे, मनोज सयाजीराव, दीपाली भोये और जिला प्रशासन के विभिन्न सरकारी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे। इस बैठक में जिला परिषद स्कूलों को स्मार्ट स्कूल बनाने, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्मार्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बदलने, यथासंभव मरम्मत करने, जिले में महत्वपूर्ण मामलों का अच्छा प्रचार-प्रसार करने



और पर्यटन स्थलों का भी अच्छा प्रचार करने, सभी मुख्य अधिकारियों को जिले के अस्पतालों, आश्रमशालाओं का दौरा करने और वहां की सुविधाओं की समीक्षा करने और जहां आवश्यक हो उनमें सुधार करने, यह सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया कि दवाओं की कोई कमी नहीं है, जिले में कुपोषण को खत्म करने के लिए उपाय किए जाएं, जहां आवश्यक हो सीएसआर फंड का उचित उपयोग किया जाए। उपमुख्यमंत्री और वित्त एवं योजना मंत्री अजीत पवार ने इस आशय कनिर्देश दिया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे जिला प्रशासन को जिले की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए जिला विकास योजना के पूरक मामलों पर जोर देने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री सूर्यग्रह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी सरकारी कार्यालयों के सोलराइजेशन का उद्देश्य पूरा किया जाये. बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, सड़क, बागवानी, जल आपूर्ति, विद्युतीकरण आदि पर जोर दिया जाना चाहिए। जिला विकास योजना के उद्देश्य के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठाणे जिले के 39 पर्यटन स्थलों का विकास योजना तैयार किया जाना चाहिए। ठाणे जिले में 900 बिस्तरों वाले जिला अस्पताल की एक सुपर स्पेशलिटी सुसज्जित इमारत बनाई जा रही है, जहां अच्छी गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए दवाएं, आधुनिक मशीनरी और बुनियादी ढांचा प्रदान किया जाना चाहिए। मीरा-भाईंदर नगर निगम सीमा में ऐतिहासिक घोड़बंदर किले के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ राज्य सरकार के पुरातत्व विभाग ने किले से सटे नौ एकड़ की खुली भूमि में शिव मंदिर के निर्माण पर कोई आपत्ति नहीं दी है। साथ ही 53.85 करोड़ का प्रस्ताव पर्यटन निदेशालय को सौंपा गया है. इसी प्रकार, एमटीडीसी रेस्ट हाउस के बगल में मालशेज घाट पर घाट के शीर्ष पर खुली जगह में पर्यटकों के लिए एक पारदर्शी स्काईवॉक और व्यूइंग गैलरी का निर्माण प्रस्तावित है। इससे निश्चित ही घाट का प्राकृतिक सौन्दर्य बढ़ेगा और पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी। यह प्रस्ताव क्षेत्रीय पर्यटन योजना के तहत प्रस्तुत किया गया है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 274.53 करोड़ है और परियोजना की अवधि लगभग तीन वर्ष है। यह और ऐसे सभी विकास कार्य सर्वोत्तम गुणवत्ता के हों, इस पर संबंधितों को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस बैठक में कलेक्टर अशोक शिंगारे ने कंप्यूटर प्रेजेंटेशन के माध्यम से ठाणे जिले के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी. साथ ही 29 जनवरी को उपमुख्यमंत्री, शहरी विकास, आवास, सार्वजनिक निर्माण (सार्वजनिक निर्माण) और ठाणे जिले के संरक्षक मंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई जिला योजना समिति की बैठक में 805.84 करोड़ की योजना और 694.16 करोड़ की अतिरिक्त मांग सरकार को सौंपने की मंजूरी दी गई।

फास्ट ट्रैक

## अंबरनाथ पूर्व स्थित कमलधाम वृद्धाश्रम में आरोग्य तपासणी शिविर का आयोजन किया गया

**शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय अंबरनाथ ने इस शिविर का आयोजन किया।**




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.अंबरनाथ पूर्व स्थित कमलधाम वृद्धाश्रम में शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय अंबरनाथ के सौजन्य से मंगलवार 11 फरवरी को वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आरोग्य तपासणी शिविर का आयोजन किया गया। कमलधाम वृद्धाश्रम की चेयरपर्सन पूर्णिमा कबरे के नेतृत्व में उक्त आश्रम वृद्धों की सेवा कार्यों को सफलतापूर्वक सम्पन्न कर रहा है ।उक्त स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। आयु के साथ बढ़ने वाले मानसिक रोगों के लिए डॉ.अनुराधा राठौर, वृद्धों में बढ़ते मोटापे की समस्या के लिए डॉ.दीपा रेड्डी,मस्तिष्क और नेत्र संबंधी विकार के लिए डॉ.नीलम साधवानी, ब्रेस्ट कैंसर के लिए डॉ.अनुपमा वर्मा ने वृद्धों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।स्वच्छ मुख अभियान 2025 के तहत विशेष तौर पर मेडिकल टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मुख संबंधी समस्याओं की जांच और गाइडेंस दिया गया ।इस शिविर के माध्यम से अनेकों वृद्ध लोगों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर डॉक्टरों से समुचित मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## भाजपा नेता समेत 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**व्यापारी से लिया सामान, चेक बाउंस होने पर बनाई रंगदारी की साजिश**

जलालाबाद, एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में स्थानीय पुलिस ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर गुप्ता समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। मामले के अनुसार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य और व्यापारी लोकपाल यादव ने न्यायालय में दी गई शिकायत में बताया कि शीलू गुप्ता ने अपने पार्लर और बेटे साहिल गुप्ता की रेडीमेड दुकान के लिए प्लाई, शीशा और हार्डवेयर का सामान खरीदा था। भुगतान के लिए दिया गया एचडीएफसी बैंक का चेक बाउंस हो गया। जब व्यापारी ने पैसों की मांग की, तो शीलू गुप्ता ने न केवल भुगतान करने से इनकार कर दिया, बल्कि उल्टा धमकी दी। शिकायत के मुताबिक, भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने शीलू गुप्ता को बलात्कार का झूठा आरोप लगाने के लिए उकसाया और कहा कि इस तरह वे व्यापारी से एक करोड़ रुपये वसूल सकते हैं। पीड़ित व्यापारी ने न्याय के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद कोर्ट ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सुधीर गुप्ता, शीलू गुप्ता और साहिल गुप्ता के खिलाफ रंगदारी मांगने और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, नगर अध्यक्ष सुधीर गुप्ता का कहना है कि उन पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं और उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।

## पड़ोसी महिलाओं में मारपीट, 3 घायल

जलालाबाद, थाना मिजार्पुर क्षेत्र के गांव मझारा में पड़ोसियों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार को संतराम ने बताया कि 6 फरवरी को उनकी पत्नी कुमकुम का पड़ोस की महिलाओं से विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपी महिलाओं ने उनकी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। बचाव में आई सुशीला (संतराम की मां) पर भी हमला किया गया।

## खारघर में हुए शिवकुमार शर्मा हत्याकांड के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए - कैप्टन आशीष दामले

**शिवकुमार शर्मा की 3 फरवरी को खारघर में अज्ञात हमलावरों ने हेलमेट से मार मारकर हत्या का दी थी।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. विगत 3 फरवरी को रोड रेज के तहत खारघर (न्यू मुंबई) में शिव कुमार शर्मा नामक युवक की सड़क पर मामूली से एक्सीडेंट के विवाद में दो स्कूटर सवार युवकों द्वारा हेलमेट से पीट-पीट कर हत्या करने का मामला दिनोदिन जोर पकड़ने लगा है ।उक्त हत्याकांड को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है ।बदलापुर में भी इस हत्याकांड को लेकर नाराजगी और विरोध के स्वर उठने लगे हैं। परशुराम आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष कैप्टन आशीष दामले ने भी शिवकुमार शर्मा के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करके उनके परिवार को न्याय दिलाने की जोरदार ढंग से मांग की है।



उक्त मांग को लेकर परशुराम आर्थिक विकास महामंडल के अध्यक्ष कैप्टन आशीष दामले ने नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त को पत्र लिख कर तुरंत हत्यारों को पकड़ने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि खारघर में 31 जनवरी से 2 फरवरी के बीच अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज द्वारा इज्तिमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उनका मानना है कि इस कार्यक्रमों में भड़काऊ भाषण देकर दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की गई और खारघर में शिवकुमार हत्याकांड उसका परिणाम हो सकता है ।इस घटना में दो युवकों ने मामूली एक्सीडेंट विवाद के चलते शिवकुमार की हेलमेट से मार मारकर हत्या कर दी थी। खारघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि शिवकुमार शर्मा के हत्यारों को शीघ्र पकड़कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाय।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव

**फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, रेल कोच कारखाने के क्वार्टर में रहता है परिवार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

रायबरेली, रेल कोच कारखाने में एक महिला का शव फंदे से लटकता मिला। कारखाने के सेल शॉप में कार्यरत असेंबली सीनियर टेक्नीशियन मुकेश कुमार की पत्नी गुड़िया देवी ने अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रेल कोच कारखाने के क्वार्टर नंबर 3081/ए में हुई। मृतका बिहार के पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के ग्राम मोला की रहने वाली थी। उनके दो बच्चे हैं। जिसमें 9 वर्षीय बेटा ईशान राज और 6 वर्षीय बेटी आर्या है।

सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच में जुट गई। मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस परिवार के सदस्यों से पूछताछ कर रही है। मामले की गहन छानबीन कर रही है।

## मुलुंड में आयोजित मैराथन में बड़ी संख्या में बच्चों ने लिया हिस्सा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,आशिहारा कराटे इंटरनेशनल के प्रशिक्षक दयाशंकर पाल द्वारा मुलुंड मैराथन का आयोजन लायंस क्लब मैदान मुलुंड पश्चिम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ.बाबूलाल सिंह , डॉक्टर आर.आर. सिंह, महाराष्ट्र कांग्रेस उत्तर भारतीय सेल महासचिव डॉ. सचिन सिंह,सचिव मोहनलाल राज, शरीफ खान , राजाराम पाल (अध्यक्ष -पाल विकास संघ), समाज सेवक रमेश सिंह , राजन उटवाल, सुरेंद्र मिश्रा,मैथ्यु चेरियन,बबलू पाल, मनोज पाल,डॉ. सोनिया सोलंकी , मनोज सिंह उपस्थित रहे । अतिथियों द्वारा झंडी दिखाकर मैराथन की शुरूआत की गई मैराथन में 650 लोगों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन में चार वर्ग किए गए थे। 12 वर्ष के नीचे बालक-बालिका 12 वर्ष से ऊपर महिला-पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिको हेतु क्रमशः 3 और 5 कि.मी लक्ष्य निर्धारित किया गया। सभी धावकों को मेडल ,सर्टिफिकेट और टी शर्ट प्रदान किया गया ।12 वर्ष से कम में कशिश जाधव , ओवी पाटील, तेजल यादव , लड़कों में 12 वर्ष से कम में अंश , मिहिर , हर्ष 12 वर्ष से ऊपर दिशा पाल, वंशिका गोरखा, आर्य अवाड , 12 वर्ष से ऊपर में लड़कों में स्वयं गुप्ता, कार्तिक गुप्ता,




अभिषेक गुप्ता, क्रमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय विजेता घोषित किए गए ।आयोजन में प्लैटिनम हॉस्पिटल की टीम,डॉ. सचिन यादव (सी.ई.ओ) , विजय पाल, रामाशंकर यादव एंबुलेंस सेवा सहित उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अजीत यादव ,विश्वास पाल, आशीष पाल, मंगलेश मौर्य, दक्ष पाल, नकुल जाधव , राजेश प्रजापति, राकेश दुबे, नैना पाटिल का विशेष योगदान रहा।

## रक्त दान शिविर का आयोजन

**एमआई लाइफ परिवार ने किया 700 यूनिट रक्तदान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे। बेडेकर इंजियरिंग कॉलेज के बाजीराव हॉल में रक्त दान शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। शिविर का आयोजन डायरेक्ट सेलिंग उद्योग सम्राट एमआई लाइफ स्टाइल के जनक श्री प्रवीन जे चंदन जी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया। दोपहर 2.30 बजे से शुरू शिविर में 700 से ज्यादा यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट आलोक पांडेय, वेस्ट जोन के रिजिनल मैनेजर ए एन श्रीकांत ने बताया कि पिछले 11 सालों से लगातार 11 फरवरी को बड़े पैमाने पर रक्तदान का आयोजन किया जाता है। कंपनी के सीओओ सलील मैथ्यू जी ने बताया कि भारत में हजारों लोगों को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक आजादी दिलाने वाले प्रवीन चंदन जी का जन्मदिन हम सभी सबसे बड़ा दान रक्तदान करके मनाते हैं। साल दर साल रक्तदान देने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है ।शिविर का उद्घाटन कंपनी के क्राउन डायमंड राजेश यादव, डायमंड डी एच कदम, डायमंड संतोष सिंह, डायमंड राजन सिंह, मनीष सिंह, नागेन्द्र पुजारी, सुहास अपराज, अरविंद प्रजापति, हरिप्रकाश तिवारी, उमाकांत शर्मा, शिवाकांत शर्मा , मनोज सिंह आदि ने रक्तदान कर किया। जानकारी के मुताबिक इस साल रक्तदान के महाकुंभ में पुण्य कमाने हजारों की संख्या में लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। श्यामधर पांडेय, पेरुमल महादेवन, भरत परब, जाह्नवी माली आदि ने बड़े उत्साह के




साथ सबसे बड़ा दान किया। आयोजन मंडल के राजन सिंह ने कहा कि अपने थोड़े से रक्तदान से किसी की जिंदगी अगर हम बचा सके, इससे बड़ा कोई धर्म नहीं। कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरत मंद की मदद हो सकेगी।

## बदमाशों ने युवक के सिर पर मारा बांका

**तिलहर में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलहर, नई बस्ती के रहने वाले एक युवक पर चार लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की मां की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शांति देवी ने कोतवाली में दी गई शिकायत में बताया कि



उनका बेटा श्याम रस्तोगी अपने दो दोस्तों शिवम कश्यप और फहीम के साथ बाईपास चौराहे से लौट रहा था। राधा टॉकीज के पास पुलिया के निकट सोहेल (पिता हबीब, निवासी सितारगंज), चंदन (पिता श्रीकृष्ण, निवासी बनवारीपुर), गौरव शर्मा (पिता रामकिशन उर्फ लालू, निवासी कुंवरगंज) और शेखर (पिता विरेंद्र, निवासी अमरपुर) ने उन पर हमला कर दिया।

## खाद्य विभाग की मिलावटखोरों पर कार्रवाई

**360 नमूनों में मिली मिलावट, ढाई करोड़ का जुर्माना, 30 लाख वसूले**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। वर्ष 2023-24 में खाद्य विभाग द्वारा लिए गए 360 खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच में सभी नमूने फेल पाए गए। इस गंभीर मामले में प्रशासन ने मिलावटखोरों पर ढाई करोड़ रुपए से अधिक का जुमार्ना लगाया है। एडीएम प्रशासन संजय पांडेय के अनुसार, अब तक इस जुमार्ने में से तीस लाख रुपए की वसूली की जा चुकी है और शेष राशि की वसूली के लिए कार्रवाई जारी है। खाद्य विभाग नियमित रूप से जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजता है, जिससे खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किया जा सके। विभाग द्वारा लोगों को प्रदूषित खाद्य पदार्थों से बचने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। प्रशासन का यह कदम खाद्य मिलावट की बढ़ती समस्या पर अंकुश लगाने और आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

## हरदोई के दो शातिर चोर शाहजहांपुर से गिरफ्तार

**एक पर 18 मुकदमे दर्ज, रेलवे वेंडर की मदद से करते थे चोरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। रोजा थाना पुलिस और हरदोई एसओजी की टीम ने रेलवे मैदान के पास से रजनीश उर्फ धर्मेंद्र और वकील अली को पकड़ा। दोनों आरोपी हरदोई जिले के निवासी हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी रेलवे में वेंडर का काम करने वाले अंशु के इशारे पर 15 जनवरी को रोजा मंडी में चोरी का प्रयास करने आए थे। असफल होने पर उन्होंने न्यू चर्च कालोनी में एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की, जहां से मिले आर्टिफिशियल जेवर को हरदोई में 15



हजार रुपए में बेच दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकब लगाने के औजार और नकदी बरामद की है। जांच में सामने आया कि एक आरोपी के खिलाफ 18 और दूसरे के खिलाफ 5 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## गुणवत्ता के साथ समझौता ने करने की दी हिदायत

**प्रभारी मंत्री कश्यप ने निमार्णाधीन बस स्टैंड का किया निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने के निर्देश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पूर्व निर्मित बस स्टेशन के सौंदर्यीकरण कार्य का प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने निरीक्षण किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मंत्री कश्यप ने कार्यदायी संस्था सीएण्डडीएस द्वारा किए जा रहे 18.94 करोड़ रुपए के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश एस और भाजपा जिलाध्यक्ष समेत कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने



अधिशासी अभियंता से बस स्टेशन में चल रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इनमें मुख्य भवन, बाउंड्री वॉल, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, बाहरी स्थल विकास, भूमिगत टैंक, दो टॉयलेट ब्लॉक और दो गार्ड रूम का निर्माण शामिल है। मंत्री ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करते हुए कड़े निर्देश दिए कि काम में किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

## नगर पालिका की समीक्षा बैठक में हंगामा




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

तिलहर, शाहजहांपुर की तिलहर नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों को लेकर हुई बैठक तनावपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। एसडीएम जीत सिंह राय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पालिका अध्यक्ष हजारा बेगम और सभासदों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। बैठक में विशेष रूप से देरी से पहुंचे पालिका अध्यक्ष और केवल 13 सभासदों की उपस्थिति पर एसडीएम सख्त दिखे। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन और अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए बैठक की सूचना सभी सभासदों तक न पहुंचाने पर नाराजगी जताई ।नगर पालिका की महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चाबैठक में 11 महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें विकास कार्य, अवैध कब्जों की समस्या और स्वच्छता जैसे विषय शामिल थे। सभासदों को एक बुकलेट दी गई, जिसमें वे अगले तीन दिनों में अपने क्षेत्र के सुधार के लिए सुझाव दे सकते हैं ।माहौल उस समय और गरमा गया जब कुछ सभासदों ने पालिका अध्यक्ष पर अपने क्षेत्रों की उपेक्षा का आरोप लगाया। जवाब में पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभासद उनसे फोन पर या व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते हैं।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# शेख हसीना के घर हिंसा करने वाले 1300 लोग गिरफ्तार

## बांग्लादेश सरकार ने चलाया ऑपरेशन डेविल हंट; उपद्रवियों पर एक्शन की तैयारी

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के पहले राष्ट्रपति और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता शेख मुजीबुर्रहमान के आवास पर तोड़फोड़ करने वाले उपद्रवियों के खिलाफ ऑपरेशन डेविल हंट शुरू किया है। इस अभियान के तहत 1300 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल बांग्लादेश में बुधवार को उपद्रवियों ने बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान के ढाका स्थित धनमंडी-32 आवास पर तोड़फोड़ की थी। इसके साथ ही शेख हसीना के घर सुधा सदन में भी आग लगा दी थी। इन घटनाओं के बाद अंतरिम सरकार को चौतरफा आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। इसके बाद अंतरिम सरकार ने देश में अस्थिरता पैदा करने वाले सभी शैतानों को उखाड़ फेंकने का वादा किया था। ऑपरेशन डेविल हंट का मकसद पूरे देश में अशांति को रोकना और सार्वजनिक सुरक्षा तय करना है। बांग्लादेश सरकार के सलाहकार



मोहम्मद जहांगीर आलम ने कहा कि यह तब तक जारी रहेगा जब तक सभी शैतानों को कटघरे में नहीं खड़ा कर दिया जाता। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने 6 फरवरी को अपने कार्यकताओं और नेताओं को सड़क पर उतरने की अपील की थी। पार्टी हसीना पर लगे कथित मामले दर्ज करने और अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में मार्च निकालने का आह्वान किया था। यह मार्च शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के 6 महीने पूरे वाले दिन निकाला जाना था। इसी दिन शेख हसीना अपने समर्थकों को ऑनलाइन भाषण देने वाली थीं। इससे पहले 24 रिवोल्यूशनरी स्टूडेंट-जनता नाम के छात्र संगठन ने इसके विरोध में रात 9 बजे बुलडोजर मार्च निकालने का ऐलान किया। इसके लिए सोशल मीडिया पर प्रचार किया गया। इसमें शेख हसीना के पिता का घर गिराए जाने की बात कही गई, लेकिन प्रदर्शनकारी 8 बजे ही शेख मुजीबुर्रहमान के घर धनमंडी-32 पहुंच गए और तोड़फोड़ शुरू कर दी। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान इसी घर में रहा करते थे। 15 अगस्त 1975 को बंगबंधु, उनकी पत्नी, बेटे, बहू और कई रिश्तेदारों की इसी घर में हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इस घर को एक स्मारक संग्रहालय के रूप में बनाया गया था। इससे पहले 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद भीड़ ने इस घर पर हमला किया था। तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई थी। तब से यह घर वीरान था। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हसीना की सरकार ने जैसे ही यह आरक्षण खत्म किया तो इसके बाद छात्रों ने उनके इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं।

# ट्रम्प ने विदेशों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून स्थगित किया

## विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने वाले अमेरिकियों पर मुकदमा रोकने का आदेश

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब 50 साल पुराने फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (एफसीपीए) को निलंबित कर दिया है। इससे अमेरिकियों के लिए विदेशों में व्यापार के लिए रिश्वत देना अपराध नहीं रहेगा। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस कानून के तहत दिए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए गाइडलाइन्स बनाने का निर्देश दिया है। ट्रम्प के इस फैसले का भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के मामले पर भी असर पड़ सकता है, जिन पर भारत में भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट हासिल




करने के लिए रिश्वत देने की प्लानिंग का आरोप है। ट्रम्प ने यह फैसला ढट मोदी के अमेरिका दौरे से 2 दिन पहले लिया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट पर इस बात की जांच कर रहा है कि क्या अडानी समूह ने एफसीपीए का उल्लंघन किया है। यह कानून अमेरिकी संस्थाओं को विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है। ट्रम्प द्वारा इस कानून को स्थिगित करने से अमेरिका में अडाणी के खिलाफ चल रही जांच में देरी हो सकती है। अडाणी पर अरबों की धोखाधड़ी के आरोप पिछले साल अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। आरोप पत्र के मुताबिक अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई। इसके अलावा आरोपियों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में क्या है एफसीपीए एक्ट फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (एफसीपीए) को अमेरिका ने 1977 में लागू किया था। इसके तहत अमेरिका में रजिस्टर्ड कंपनियों को व्यापार और दूसरे मकसद के लिए विदेशों अधिकारियों को रिश्वत देने पर रोक लगा दी गई थी। सोमवार को व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में इस कानून पर रोक जुड़े आदेश पर साइन करते हुए ट्रम्प ने कहा, इस फैसले से अमेरिका के लिए व्यापार के नए अवसर तैयार होंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी इस कानून को खत्म करने की इच्छा जताई थी।

# अडाणी धोखाधड़ी केस- अमेरिकी सांसदों की अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी

## बाइडेन प्रशासन के खिलाफ जांच की मांग; लिखा- बेवकूफीभरा फैसला था, रिश्ते बिगड़ने का खतरा

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका में 6 सांसदों ने सोमवार को बाइडेन सरकार के जस्टिस डिपार्टमेंट द्वारा अडाणी ग्रुप के खिलाफ की गई कार्रवाई की जांच की मांग की है। इसे लेकर नए अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को लेटर लिखा है। इन सांसदों ने भारत को अहम साझेदार बताते हुए कहा कि बाइडेन के जस्टिस डिपार्टमेंट की कार्रवाई से अमेरिका को नुकसान पहुंचा है। सांसद लांस गुडेन, पैट फॉलन, माइक हरिडोपोलोस, ब्रैंडन गिल, विलियम आर टिम्मन्स और ब्रायन बेबिन ने कहा कि जस्टिस डिपार्टमेंट की कार्रवाई एक बेवकूफीभरा फैसला था, जिससे भारत जैसे अहम साझेदार से रिश्ते बिगड़ने का डर था। इन्होंने इस पूरी कार्रवाई को एक भटकाने करने वाला कैंपेन बताया था। दरअसल, पिछले साल अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। आरोप पत्र के मुताबिक अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई। इसके अलावा आरोपियों ने अमेरिकी इन्वेस्टर्स और बैंकों से झूठ बोलकर पैसा इकट्ठा किया। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और



एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ था। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। कहीं भी रिश्वत देने की बात नहीं कही गई आरोप पत्र के मुताबिक यह अमेरिका के फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (एफसीपीए) का उल्लंघन है। यहां ध्यान देने वाली बात है कि अमेरिकी न्याय विभाग के डॉक्यूमेंट में रिश्वत ऑफर करने और प्लानिंग की बात कही गई। रिश्वत दी गई, ऐसा नहीं कहा गया है। उन्होंने कहा- हम आपसे (पाम बॉन्डी) बाइडेन सरकार के जस्टिस डिपार्टमेंट की जांच करने का अनुरोध करते हैं। इस विभाग ने सिर्फ चुनिंदा मामलों में ही कार्रवाई को आगे बढ़ाया, जबकि कई को छोड़ दिया। इससे भारत से सहयोगी से हमारे रिश्ते खतरे में पड़ गए थे। चीन को ग्लोबल सप्लाई चेन पर कंट्रोल करने का मौका मिलेगा सांसदों ने कहा कि अमेरिका और भारत एक दूसरे लिए सम्मान भरा नजरिया रखते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हमेशा अमेरिका और भारत जैसी दो आर्थिक और सैन्य शक्तियों के बीच मजबूत रिश्तों को तवज्जो दी है। इस तरह की कार्रवाई से न सिर्फ भारत से संबंध बिगड़ते हैं, बल्कि चीन जैसे देशों को अमेरिकी अर्थव्यवस्था को खत्म करने और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के जरिए ग्लोबल सप्लाई चेन पर कंट्रोल करने का मौका मिलता है। अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों आधारहीन बताया था अडाणी ग्रुप सभी आरोपों को आधारहीन बताया था। 21 नवंबर को जारी बयान में ग्रुप ने कहा था- 'अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के डायरेक्टर्स के खिलाफ यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस और यूनाइटेड स्टेट्स सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की ओर से लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# ग्वाटेमाला में बस हादसा, 55 की मौत

## 20 मीटर गहरे नाले में गिरी बस; हादसे के वक्त 70 लोग सवार थे

एजेंसी

ग्वाटेमाला सिटी, मध्य अमेरिका में स्थित ग्वाटेमाला देश की राजधानी ग्वाटेमाला सिटी में सोमवार को एक बस पुल से नीचे गिर गई। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इस हादसे में 55 लोगों की मौत हो गई। यात्रियों से भरी यह बस सैन अगस्टिन अकासागुस्तलान शहर से राजधानी जा रही थी। फायर बिग्रेड के



एक अधिकारी एडविन विलाग्रान ने बताया कि हादसे से पहले कई गाड़ियां आपस में टकरा गई थीं, इसके बाद बस करीब 20 मीटर गहरे नाले में जा गिरी। हादसे के बाद आधी बस नाले में डूब गई, इस वजह से लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक हादसे के वक्त बस में लगभग 70 लोग सवार थे। ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति बर्नार्डो अरेवालो ने देश में 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की। इसके साथ ही लोगों की मदद के लिए सेना और डिजास्टर एजेंसी को तैनात किया। 30 साल पुरानी थी बस ग्वाटेमाला के संचार मंत्री मिगुएल एंजेल डियाज का कहना है कि शुरूआती जांच से पता चला है कि बस 30 साल पुरानी थी, लेकिन उसका वर्किंग लाइसेंस अभी एक्सपायर नहीं हुआ था। रेलिंग तोड़कर पुल से गिरी बस फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि ड्राइवर ने बस पर कंट्रोल खो दिया था। इसके बाद बस कई गाड़ियों से टकराते हुए रेलिंग तोड़कर पुल से गिर गई। रेस्क्यू का काम अभी जारी है। हादसे के वजहों की जांच शुरू कर दी गई है।

# बजट पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव का भाजपा पर जोरदार हमला



एजेंसी

नई दिल्ली लोकसभा में बोलते हुए, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वह विपक्ष में अपने सहयोगियों की तरह केंद्रीय बजट के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट एक लक्षित बजट है, यह बजट उन लोगों के लिए केंद्रित है जो बहुत अमीर हैं, बड़े लोग हैं, उद्योगपति हैं। यह बजट उनके लिए बनाया गया है। मुझे इसमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कोई रोडमैप नजर नहीं आता और रोडमैप इसलिए नजर नहीं आता क्योंकि बजट आते ही हमने वो तस्वीरें देखीं।

सपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इस देश के लिए 10 बजट सिर्फ इसलिए बनाए गए थे कि जब 11वां बजट आएगा तो पूरा देश और पूरी दुनिया देखेगी कि भारत के लोगों को हथकड़ी लगाकर वापस भेज दिया गया। वहीं, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने केंद्रीय बजट के कई पहलुओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस सरकार ने भारत की आने पीढ़ियों पर भी कर्ज का बोझ लाद दिया है। उन्होंने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी

**सपा नेता ने सवाल करते हुए कहा कि क्या इस देश के लिए 10 बजट सिर्फ इसलिए बनाए गए थे कि जब 11वां बजट आएगा तो पूरा देश और पूरी दुनिया देखेगी कि भारत के लोगों को हथकड़ी लगाकर वापस भेज दिया गया।**

कहा कि दुनिया में कई आर्थिक विचार रहे जो परिवर्तनकारी साबित हुए, लेकिन इस सरकार का सबसे बड़ा विचार नोटबंदी अपने एक भी उद्देश्य को पूरा नहीं कर सका। तिवारी के अनुसार, आज भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का चलन 35.99 लाख करोड़ रुपये है, जबकि नोटबंदी के समय यह राशि 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक ही थी। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वर्ष 2024-25 में वित्तीय घाटे में मामूली कमी आई है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने बहुत ही चतुराई से वित्तीय घाटे के मापने के तरीके को बदल दिया। उन्होंने सदन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मौजूद नहीं होने पर सवाल उठाया और दावा किया कि यह सदन की परंपरा के अनुरूप नहीं है। इस पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि वित्त मंत्री राज्यसभा में हैं।

# मोदी सरकार 'आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर' बनाने के लिए प्रतिबद्ध : अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए मंगलवार नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार 'आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर' के लिए प्रतिबद्ध है.उन्होंने आतंक मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अर्धसैनिक बलों की भूमिका पर बल दिया. गृह मंत्री ने बीएसएफ को कड़ी निगरानी, बॉर्डर ग्रिड को मजबूत करने और निगरानी तथा सीमा सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जीरो घुसपैठ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

शाह ने सीआरपीएफ को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ तालमेल जारी रखने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने सीआरपीएफ की शीतकालीन कार्य योजना की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि एरिया डोमिनेशन में कोई कमी न रहे. शाह ने जम्मू क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर दबदबा बनाने का भी निर्देश दिया.गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में काम कर रहे खुफिया तंत्र की भी समीक्षा की और उन्हें गुणवत्तापूर्ण



खुफिया जानकारी उत्पन्न करने के लिए कवरेज और पैठ बढ़ाने का निर्देश दिया. उन्होंने खुफिया जानकारी पैदा करने के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को दोहराया. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आतंक-वित्तपोषण की निगरानी, नार्को-आतंकवादी मामलों पर कड़ी पकड़ और जम्मू-कश्मीर में पूरे टेरर इकोसिस्टम को खत्म करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में के लिए मजबूत कदम उठाए जा रहे हैं.गृह मंत्री ने राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा किए जा रहे नकारात्मक प्रचार का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया ताकि लोगों के सामने सही तस्वीर पेश की जा सके.

# विभिन्न वैश्विक, घरेलू कारकों ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य को प्रभावित किया: सीतारमण

एजेंसी

नई दिल्ली : सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही एक दिन के लिए स्थगित कर दी गई. पिछले सप्ताह संसद में काफी हंगामा हुआ था, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने जवाब के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला था.वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में चुनौतीपूर्ण रहा बजट बनाना, समावेशी विकास पर ध्यान दिया गया: सीतारमणवित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट को राष्ट्रीय विकास आवश्यकताओं का राजकोषीय



प्राथमिकताओं के साथ संतुलन कायम करने वाला बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के पीछे कई घरेलू और वैश्विक कारण हैं. लोकसभा में केंद्रीय बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में विश्व का परिदृश्य 180 अंश घूम गया है और बजट बनाना पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है. उन्होंने कहा कि यह बजट अत्यंत अनिश्चितता और बदलते वैश्विक परिदृश्य में आया है

**महाराष्ट्र शासन**
**कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, सार्वजनिक बांधकाम विभाग**
**राज्य कामगार विमा योजना अस्पताल परिसर, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग,**
**मुलुंड (प), मुंबई - 400080**
**ई-मेल पताः elnorthmumbai.ee@mahapwd.gov.in**
**दूरभाष क्रमांकः 022-25601327**
**ई-निविदा सूचना क्रमांकः 73/2024-25**

कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड, मुंबई, महाराष्ट्र शासन के विद्युत ठेकेदारों (लिफाफा क्रमांक 1 के अनुसार) से निम्नलिखित कार्य के लिए बी-1 प्रतिशत दर के नमूने में निविदाएं ई-निविदा प्रणाली (ऑनलाइन) के माध्यम से आमंत्रित कर रहे हैं.
निविदा दस्तावेज शासन के पोर्टल http://mahatenders.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं. साथ ही, निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड, मुंबई के पास सुरक्षित है. शर्तयुक्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी.

| कार्य का नाम | निविदा राशि रुपए |
| --- | --- |
| 1. अनुमानपत्र क्रमांकः ओडब्ल्यू/एनएमईडी/बीईएसडी/बीकेसी/24363/2024-25 : औद्योगिक सुरक्षा और स्वास्थ्य संचालनालय कार्यालय, कामगार भवन इमारत, बीकेसी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 में प्रस्तावित संरचनात्मक नवीनीकरण कार्य के कारण प्रभावित क्षेत्र (शेष भाग - 5वीं तल मंजिल, भाग-2) के लिए सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करना और मौजूदा पुरानी विद्युत स्थापना का नवीनीकरण करना. | रुपए 1371301/- |
| 2. अनुमानपत्र क्रमांकः ओडब्ल्यू/एनएमईडी/बीईएसडी/बीकेसी/24364/2024-25 : अन्न एवं औषध भवन, 4थी तल मंजिल, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 में प्रस्तावित संरचनात्मक नवीनीकरण कार्य के कारण प्रभावित क्षेत्रों जैसे कॉन्फ्रेंस मीटिंग रूम, अतिरिक्त आयुक्त कक्ष, केबिन और एंटी चेंबर आदि में विद्युत स्थापना का नवीनीकरण करना. | रु. 1692525/- |
| 3. अनुमानपत्र क्रमांकः ओडब्ल्यू/एनएमईडी/बीईएसडी/बीकेसी/24368/2024-25 : अधिदान एवं लेखा कार्यालय इमारत, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 में तल मंजिल + 7वीं मंजिल के लिए स्थापित 3 इलेक्ट्रिक यात्री लिफ्टों के लिए संपूर्ण वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) प्रदान करना. (एएमसी अवधिः 36 महीने) | रु. 1241064/- |
| 4. अनुमानपत्र क्रमांकः एसआर/एनएमईडी/बीईएसडी/बीकेसी/24136/2024-25 : शासकीय तंत्रनिकेतन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 51 में मे. जॉन्सन निर्मित 10 यात्रियों की क्षमता वाले 2 नग (तल मंजिल + 4 मंजिलें) लिफ्टों को बदलने के संबंध में (दूसरी मांग) | रु. 3796107/- |

ई-निविदा उपलब्धता अवधिः अ.क्र. 1 से 3 के लिएः 12.02.2025 से 27.02.2025 तक शाम 5:30 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथिः 03.03.2025 को दोपहर 2:00 बजे के बाद
ई-निविदा उपलब्धता अवधि : अ.क्र. 4 के लिएः 12.02.2025 से 20.02.2025 तक शाम 5:30 बजे तक
ई-निविदा खोलने की तिथिः 24.02.2025 को दोपहर 2:00 बजे के बाद
ई-निविदा से संबंधित सभी जानकारी निम्नलिखित पोर्टल पर उपलब्ध हैः

1. उपरोक्त अनुमानित राशि में जीएसटी (GST) शामिल नहीं है. ठेकेदार को निविदा भरते समय दर में जीएसटी को अलग रखते हुए दर उल्लेख करना होगा. अनुमानित राशि पर उल्लिखित दर के अनुसार आने वाली राशि पर 18% जीएसटी अलग से अदा किया जाएगा.
2. http://mahatenders.gov.in
(निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के बदलाव के बारे में जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी)ः
3. कार्य के अनुबंध में पोस्ट क्वालिफिकेशन का मापदंड शामिल किया गया है.
4. कार्यकारी अभियंता, उत्तर मुंबई विद्युत विभाग, मुलुंड (पूर्व), मुंबई कार्यालय का सूचना फलक.

**जा.क्र. काअ/उमुंविवि/निविदा/447/2025**
**दिनांकः 06.02.2025**

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता,
उत्तर मुंबई विद्युत विभाग,
सार्वजनिक बांधकाम विभाग, मुंबई

डीजीआयपीआर/2024-2025/6315

# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

## संक्षेप

### मिर्गी की मरीज महिला की कुएं में गिरकर मौत

**बांदा में पानी भरने गई महिला को पड़ा दौरा, अस्पताल में तोड़ा दम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले के बबेरू में गौरी खानपुर गांव की 25 वर्षीय आशा देवी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। आशा देवी लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से जूझ रही थीं। घटना उस समय हुई जब आशा देवी कुएं से पानी भरने गई थीं। परिजनों के अनुसार, इसी दौरान उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा और वह अनियंत्रित होकर कुएं में गिर गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें कुएं से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए बबेरू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। डॉक्टरों ने आशा देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बांदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। डॉक्टर पीके गुप्ता ने बताया की एक महिला आशा देवी को लाया गया था बताया जा रहा है की महिला कुएं में गिर गई थी प्राथमिक उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

### 60 हजार रुपए लेते जेई गिरफ्तार

**नक्शा पास कराने के लिए मांगे थे रुपए, एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा**

अमरोहा, भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में एंटी करप्शन टीम ने विनियमित क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर (जेई) भानुप्रताप सिंह को 60 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह मामला एक स्थानीय निवासी इमरान पाशा से जुड़ा है, जिन्होंने अपने प्लॉट का नक्शा पास करवाने के लिए एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया था। जांच में पता चला कि जेई भानुप्रताप सिंह ने नक्शा पास करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए इमरान पाशा से 60 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन टीम ने एक सटीक योजना बनाई और शिकायतकर्ता को रिश्वत की रकम के साथ जेई से मिलने भेजा। मामले की जांच में जुटी टीम आरोपी जेई ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूरी कार्रवाई को वीडियो में कैद किया गया। आरोपी जेई को नगर कोतवाली ले जाया गया, जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। एंटी करप्शन टीम के अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई

**बेटे-बहू और मां महाकुंभ पहुंचे, स्वामी चिदानंद के शिविर में विश्व शांति के लिए यज्ञ की**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे। अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई। प्लेन से महाकुंभ का भव्य नजारा भी देखा। इससे पहले अंबानी फैमिली परमार्थ निकेतन शिविर पहुंची। यहां स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से मुलाकात की। अंबानी फैमिली ने विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- अंबानी फैमिली ने व्यापार में ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। यही नहीं, उन्होंने संस्कारों के साथ अपने जीवन को जीते हुए समाज के कल्याण की दिशा में भी काम किया है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- 100 हाथों से कमाओ और हजार हाथों से बांटों। जीवन का वास्तविक अर्थ केवल कमाना नहीं, बल्कि उसे साझा करना, देना और समाज के लिए जीना है। यही संदेश धीरूभाई अंबानी भी अपने जीवन से सभी को दिया और आज पूरा अंबानी परिवार उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। स्वामी चिदानंद बोले- धीरूभाई अंबानी समाज और देश के लिए जीते थे स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- जीवन केवल बटोरने का नाम नहीं है, बल्कि जीवन का उद्देश्य है दूसरों के साथ अपना ज्ञान और अपना समय बांटना। अंबानी परिवार का जीवन भी एक आदर्श है। उन्होंने यह बताया कि धीरूभाई अंबानी का जीवन न केवल अपने लिए था, बल्कि वे समाज और देश के लिए भी जीते थे। आज उनके परिवार का यही मार्गदर्शन है और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान भी है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा- सिर्फ अपने बारे में सोचना एक संकीर्ण दृष्टिकोण है, जबकि सच्चा जीवन वह है, जिसमें हम न केवल अपने लाभ की परवाह करें, बल्कि दूसरों के दर्द को महसूस करें। उसे कम करने का प्रयास करें। यही जीवन का सच्चा उद्देश्य है।


अंबानी फैमिली ने विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित की साध्वी भगवती सरस्वती ने भी अंबानी परिवार के योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा- अंबानी परिवार न केवल आर्थिक क्षेत्र में उच्चतम शिखर पर है, बल्कि यह एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किसी भी परिवार का उच्चतम आदर्श समाज सेवा और संस्कारों में होता है। इस अवसर पर अंबानी परिवार ने स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती के सानिध्य में विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। उन्होंने इस यज्ञ के माध्यम से संसार में शांति और कल्याण की कामना की। सभी के सुखमय जीवन की प्रार्थना की।

# महाकुंभ में डुबकी के लिए मनमानी वसूली

**संगम पहुंचाने का 2 से 5 हजार ले रहे नाव वाले; दरोगा बोला- पैसे नहीं तो पैदल जाओ**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नाव वाले भैया, संगम स्नान करवा दो, आप जितने पैसे मांगोगे मैं दे दूंगी। कुछ ऐसे गुहार लगा रही हैं त्रिवेणी संगम स्नान के लिए पहुंचीं श्रद्धालु। नाविकों पर सरकारी निगरानी ना होने के चलते मेला प्राधिकरण की रेट लिस्ट भी कोई मायने नहीं रख रही। चाहे निजी हो या सरकारी नाविक, सभी त्रिवेणी संगम स्नान कराने के लिए मनमाने तरीके से रकम वसूल रहे हैं। 2 से 5 हजार रुपए प्रति व्यक्ति किराया लिया जा रहा है। जबकि मेला प्राधिकरण ने नाव से संगम स्नान के लिए अधिकतम किराया 150 रुपए तय कर रखा है। नाव के किराए की हकीकत जानने बोट क्लब घाट और अरैल घाट पहुंची। 4 लोगों के परिवार के लिए नाव का किराया 10 से 12 हजार बोट क्लब घाट पर पहुंचते ही हमें जम्मू-कश्मीर से आए सुभाष चंद्र शर्मा मिले। उन्होंने बताया कि संगम स्नान के लिए हमसे 4 लोगों के 8 हजार रुपए लिए। यह सिर्फ बोट क्लब से त्रिवेणी घाट का नाव का किराया है। जबकि कई नाव वाले तो 10-12 हजार रुपए मांग रहे थे। हमें कुछ मेला प्राधिकरण की नावें भी दिखीं, जिनके नाविक 500 रुपए प्रति व्यक्ति संगम स्नान कराने का दावा करते दिखे, लेकिन यात्रियों ने कहा ये सही नहीं है, ज्यादा किराया वसूला जा रहा है। श्रद्धालु बोले- नाव का किराया चुपके से बताते हैं सरकारी नावों पर कम किराए के दावों की पड़ताल के लिए जब हमने कैमरा छिपा कर दाम पूछा तो उन्होंने एक व्यक्ति के लिए 700 रुपए किराया बताया। इसके लिए भी लोगों को 2 से 4 घंटे तक लाइन में लगना पड़ रहा है। इसके बाद जब नाव डॉक पर आती है तो बैठने के लिए भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है।

# बौद्ध विशेष शिविर में शोभा यात्रा का हुआ भव्य स्वागत



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

कुम्भनगर (प्रयागराज)। तथागत गौतम बुद्ध सेवा शिविर सेक्टर नंबर 12 से तथागत गौतम बुद्ध की शोभा यात्रा संगम लोअर मार्ग से होते हुए बौद्ध विशेष संगम शिविर में शोभायात्रा का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए हुए बौद्ध भिक्षु शामिल हुए तथा बौद्ध विशेष शिविर में शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से लद्दाख से चलकर आये लामा जी संस्था के प्रबंधक उमाशंकर कुशवाहा, सुशील कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, राकेश मौर्य तथा क्षेत्र के बहुत से लोग शामिल हुए। कार्यक्रम समापन के पश्चात तथागत गौतम बुद्ध सेवा शिविर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# पीएम आवास योजना का लाभार्थी परेशान

**मकान बनाने से थाना प्रभारी ने रोका, धमकी भी दी, पीड़ित ने की शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, गोसाईंगंज में पीएम आवास योजना के एक लाभार्थी को थाना प्रभारी की मनमानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम सभा सुरौली के निवासी मोहम्मद वकील को योजना के तहत मकान मिला था, लेकिन निर्माण कार्य में बाधा डाली जा रही है। मोहम्मद वकील ने डीएम को बताया कि वह लंबे समय से छप्पर में रह रहा था। पीएम आवास योजना में चयन होने के बाद उसी जगह पर पक्का मकान बनाना शुरू किया, जहां अब छत डालने का काम बाकी है। यह जमीन आबादी क्षेत्र में है, जिसकी पुष्टि चकबंदी विभाग की टीम, लेखपाल और कानूनगो ने भी की है। मामला तब जटिल हो गया जब एक स्थानीय व्यक्ति मुमताज की शिकायत पर थाना प्रभारी ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। विभागीय जांच में जमीन आबादी क्षेत्र में होने की पुष्टि के बाद भी थाना प्रभारी ने न केवल निर्माण रोका बल्कि लाभार्थी को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। यह कार्रवाई तब की गई जब 17 जनवरी को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी विनय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया था कि सार्वजनिक स्थान पर निर्माण के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इस मामले में थाना प्रभारी राजस्व अधिकारी की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं और अधिकारियों के आदेश व लेखपाल की रिपोर्ट को भी नजरअंदाज कर रहे हैं। यह स्थिति पीएम आवास योजना के उद्देश्यों के विपरीत है, जिसका मुख्य लक्ष्य गरीबों को छत प्रदान करना है।

# तेज रफ्तार दो बाइकों की भिड़ंत



**एक युवक की मौके पर मौत, दूसरा बाइक सवार गंभीर घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। बिसंडा थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में टीका मऊ निवासी शिवम तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब शिवम तिवारी लौली से बिसंडा की ओर जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल बाइक सवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना से मृतक शिवम के परिजनों में कोहराम

# 48 घंटे में 55 अपराधी गिरफ्तार

**263 लीटर शराब और 401 ग्राम स्मैक बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए गए दो दिवसीय विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस अभियान के दौरान कुल 55 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई में 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 263 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 अपराधियों से 401 ग्राम स्मैक बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा शस्त्र अधिनियम के तहत 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित 4 अपराधियों को भी गिरफ्तार किया। साथ ही अलग-अलग प्रकरणों से जुड़े 19 वारंटी और 3 वसूली वारंटी अभियुक्तों को भी हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया गया, जिसमें पुलिस ने वांछित अपराधियों, वारंटी, शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस सफल अभियान से क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# हाथ बांधकर ट्रेन के आगे कूदे शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका

**पिछले साल हुई थी लड़की की शादी; शव देखकर प्रेग्नेंट पत्नी बेहोश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बांदा, एक प्रेमी जोड़े ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। पहले दोनों ने अपने हाथ एक दुपट्टे से बांधे, फिर ट्रेन के आगे कूद गए। दोनों का शव सुबह रेल की पटरी पर क्षत-विक्षत हालत में मिला। बताया जा रहा है, दोनों रात से घर से गायब थे। सुबह उनके मरने की खबर मिली है। परिवार के लोग सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए। मामला गिरवा थाना क्षेत्र का है। अपनी ससुराल में नहीं रहती थी प्रेमिका डिंगवाही गांव में रहने वाले प्रेमी-प्रेमिका दोनों शादीशुदा थे। प्रेमी नंदकिशोर (28) की शादी साल 2021 में हुई थी। उसके 1 बच्चा भी है। साथ ही पत्नी 2 महीने की प्रेग्नेंट भी है। वह किसानी और मजदूरी करता था। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी बेहोश हो गई। वहीं, परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, प्रेमिका मोहिनी (20) की शादी पिछले साल (2024 में) हमीरपुर में हुई थी। वह अपने ससुराल में नहीं रहती थी। मायके में ही रहती थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। नंदकिशोर के भाई सुशील ने बताया- भाई का शव आज सुबह मिला है। पता नहीं उसका क्या मामला था? हम लोगों को इस मामले की जानकारी नहीं थी। वहीं मोहिनी के पिता शिव शंकर भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं। वह सबसे हाथ जोड़कर कुछ भी पूछने से मना करते दिखे। रिश्तेदार बोले- नंदकिशोर का अपनी पत्नी से झगड़ा होता था नंदकिशोर के पक्ष के एक रिश्तेदार ने बताया- 5 साल से दोनों का अफेयर था। लेकिन, अलग जाति और एक गांव होने की वजह से परिवार के लोग शादी के लिए तैयार नहीं थे। दोनों के घर में कई बार झगड़ा भी हुआ था। इन लोगों ने नंदकिशोर की जबरन शादी भी करवा दी थी। इसीलिए उसकी अपनी बीवी से आए दिन लड़ाई होती थी।

# जन सेवा केंद्र से चोरी ,दो लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरा और ढाई लाख रुपए की नकदी गायब

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक जन सेवा केंद्र को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी को अंजाम दिया। गांव मंगरोला में स्थित अंकित जन सेवा केंद्र के मालिक विजयपाल के पुत्र अंकित ने बताया कि सोमवार रात को दुकान बंद कर वह घर चले गए थे। रात के दौरान अज्ञात चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां से दो लैपटॉप, एक बैटरा, सीसीटीवी कैमरा, फिंगर मशीन के साथ दराज में रखी ढाई लाख रुपए की नकदी चुरा ली। जन सेवा केंद्र के साथ पंजाब नेशनल बैंक की मिनी शाखा भी संचालित की जाती है। अंकित दुकान पहुंचे तो टूटे ताले देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और आवश्यक जानकारी एकत्र की। हसनपुर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह के अनुसार अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# हिमाचल के श्रद्धालुओं की बस पलटी, 15 लोग घायल

**दर्शन के बाद काशी जा रहे यात्रियों की बस सुल्तानपुर में पुलिया से टकराई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, गोसाईंगंज में सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। हिमाचल प्रदेश के शिमला से आए श्रद्धालुओं की टूरिस्ट बस बरौंसा बेलहरी रोड पर बासुपुर के पास पुलिया से टकराकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में बस में सवार 22 यात्रियों में से 15 लोग घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सभी घायलों को बचा लिया गया। घायलों को 102 और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया गया। डॉ. सुरेंद्र पटेल की निगरानी में सभी घायलों का इलाज किया गया।

# किसानों का गन्ना भुगतान 14 दिन में करने की मांग

**नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर रोक की अपील, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने एसडीएम कार्यालय के सामने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उम्मेद सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने गन्ना किसानों के 14 दिन के भीतर भुगतान की मांग के साथ-साथ कई अन्य मुद्दे उठाए। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और दवाइयां उपलब्ध कराने, रामपुर भूड़ से पीपली दाऊद तक मंडी समिति के अधीन सड़क की मरम्मत, और आवारा पशुओं की समस्या का समाधान प्रमुख मांगों में शामिल रहा। बैठक में बिजली बिलों को मीटर रीडिंग के आधार पर जारी करने की मांग भी रखी गई। शहर में नाबालिग बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर चिंता जताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई, जिससे दुर्घटनाओं और विवादों से बचा जा सके।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।